यह निरीक्षण प्रतिवेदन जिला **कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड,** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड,** के अप्रैल 2015 से मार्च 2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री सुनील दत्त, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री जतिन राणा, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी (तदर्थ) द्वारा दिनांक 27-07-2018 से 03-08-2018 तक में सम्पादित किया गया।

## भाग-I

**1. परिचयात्मकः** इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री दीपेश कुमार एवं श्री वी॰ पी॰ सिंह सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों द्वारा, श्री डी॰एन॰ मिश्रा लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 05.02.2016 से 18.02.2016 तक सम्पादित की गयी थी। जिसमें माह 04/2010 से 03/2015 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 03/2015 से 03/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2. इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र: सम्पूर्ण जिला उधमसिंह नगर है इकाई का क्रियाकलाप जिले मे राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा योजनाओ का संचालन किया जाता है योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्माण से संबन्धित धनराशि कार्यदायी संस्थाओं प्रेषित कर दी जाती है विध्यालय अनुदान की धनराशि विध्यालयों को भेजी जाती है कार्यालय का मुख्य कार्य अनुश्रवन एवं वित्तीय नियंत्रण है

**(अ) विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः**

*(₹ लाख मे)*

| वर्ष | योजना का नाम | आवंटन ` | व्यय ` | व्यय अधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | Teacher's Salary | 363.92 | 363.92 | 0 | 0 |
| 2016-17 | Teacher's Salary | 326.16 | 310.96 | 0 | 15.20 |
| 2017-18 | Teacher's Salary | 409.52 | 388.51 | 0 | 21.01 |

**(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः**

***(₹ लाख मे)***

| वर्ष | योजना का नाम | प्राप्त ₹ | | व्यय ₹ | | | बचत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | GoI | State | GoI | State | Total | GoI | State |
| 2015-16 | RMSA **(integrated)** | 509.06 | 56.56 | 505.04 | 56.11 | 561.15 | 4.02 | 0.45 |
| 2016-17 | --Do-- | 674.10 | 74.90 | 655.72 | 72.85 | 728.57 | 18.38 | 2.05 |
| 2017-18 | --Do-- | 826.61 | 91.85 | 818.69 | 90.97 | 909.66 | 7.92 | 0.88 |
| **योग**: | | **2009.77** | **223.31** | **1979.45** | **219.93** | **2199.38** | **30.32** | **3.38** |

(स) कार्यक्रम/योजना/परियोजना के क्रियान्वयन मे संलग्न समितियों एवं एन०जी०ओ का विवरण:

| **S.No** | **Year** | **Name of Society/ NGO involved** | **Government expenditure through Society/NGO** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | 2015-16 | ---nil--- | |
| 2 | 2016-17 | | |
| 3 | 2017-18 | | |

(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इकाई द्वारा प्राप्त धनराशि को केंद्र एवं राज्य से प्राप्तियों के रूप मे अलग अलग नहीं रखे जा रहे है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई “बी” श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा संलग्न है।

**(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उधमसिंह नगर जिला है नमूना लेखापरीक्षा को आच्छादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय जिला परियोजन अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान उधमसिंह नगर, उत्तराखंड की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। **माह सितंबर 2016 एवं सितंबर 2017** को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा योजनाओ का संचालन किया जाता है योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्माण से संबन्धित धनराशि कार्यदायी संस्थाओं प्रेषित कर दी जाती है विध्यालय अनुदान की धनराशि विद्यालयों को भेजी जाती है कार्यालय का मुख्य कार्य अनुश्रवन एवं वित्तीय नियंत्रण है।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग-दो(ब)**

**प्रस्तर- ₹ 42.86 लाख की निर्माण कार्यों की धनराशि विभाग के पास अवरुद्ध पड़ी रहना ।**

कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा, उधमसिंह नगर के निर्माण कार्यों की पत्रावाली की जांच मे पाया गया कि जिला उधमसिंह नगर मे राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को वर्ष 2011-12 से 2014-15 तक के निम्न निर्माण कार्य आवंटित किए गए थेः-

| क्रम स॰ | स्वीकृत वर्ष | कार्यदायी संस्था | विध्यालय का नाम | स्वीकृत धनराशि | अवमुक्त धनराशि | अवशेष धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2011-12 | ग्रामीण निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰ शहदौरा | 84.12 | 75.71 | 8.41 |
| 2 | 2011-12 | ग्रामीण निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰पिपलिया 01 | 78.28 | 70.45 | 7.83 |
| 3 | 2013-14 | ग्रामीण निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰मिदनापुर | 69.30 | 62.37 | 6.93 |
| 4 | 2013-14 | ग्रामीण निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰गुलजारपुर | 67.87 | 61.08 | 6.79 |
| 5 | 2014-15 | लोक निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰औदली | 69.36 | 61.92 | 7.44 |
| 6 | 2014-15 | लोक निर्माण विभाग | रा॰ उ॰ मा॰ वि॰गुरुग्राम | 54.64 | 49.18 | 5.46 |
| | | | योग: | 423.57 | 380.71 | 42.86 |

कार्यदायी संस्थाओं ने उक्त समस्त कार्य विगत वर्षो मे विभाग को हस्थगत कर दिये थे किन्तु विभाग के पास ₹ 42.86 लाख की धनराशि अवरुद्ध पड़ी है। लेखापरीक्षा द्वारा पूछे जाने पर विभाग ने उत्तर मे बताया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा वांछित प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण धनराशि अवमुक्त नही की गयी है।

विभागीय उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि वर्ष 2011-12 से 2014-15 तक के पूर्ण एवं हस्तगत कार्यों की 10% धनराशि लेखापरीक्षा तिथि (07/2018) तक विभाग के अवरुद्ध पड़ी थी तथा अनावश्यक रूप ₹ 42.86 लाख से दायित्व सृजन किया गया है
अत: प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान मे लाया जाता है।

**भाग-III**

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:**

| **क्रमांक** | **प्रतिवेदन संख्या** | **भाग दो अ** | **भाग दो ब** | **नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 185/2015-16 | शून्य | 1 एवं 2 | - |

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| विगत लेखापरीक्षा के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्या पूर्व मे कार्यालय महालेखाकार लेखापरीक्षा को प्रेषित की जा चुकी है, प्रति पत्रावाली मे संलग्न है। | | | | |

## भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

--------------शून्य-----------

**भाग-V**

**आभार**

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु **कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड,** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, तथापि

लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः

**-शून्य-**

2. **सतत् अनियमितताएः**

-शून्य-

3. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया**

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1。 | श्री डा。 पी。एन。 सिंह | जि.रा.मा.शि.अ | 01.04.2015 से 30.09.2016 |
| 2。 | श्री शुभगा आर्या | जि.रा.मा.शि.अ | 30.09.2016 से 19.05.2017 |
| 3。 | श्री डा。 पी. एन. सिंह | जि.रा.मा.शि.अ | 19-05-2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड,** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप महालेखाकार सामाजिक क्षेत्र कार्यालय प्रधान महालेखाकर (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, “महालेखाकर भवन” कौलागढ़, देहरादून-248195 को प्रेषित कर दी जांय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**